प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

*******************

केन्द्रीय मत्स्य पालन और पशुपालन राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने आज देवघर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाबा मंदिर में पूजा–अर्चना की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि किसानों को परंपरागत खेती छोड़कर वैज्ञानिक और उन्नत खेती की ओर रुख करना चाहिए। इससे उनका आर्थिक सशक्तीकरण होगा।

*******************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दावा किया है कि हेमंत सोरेन सरकार चुनाव में किये अपने वादों के एक–एक कर पूरा कर रही है। लोहरदगा में राज्य स्तरीय एथलीट मीट के समापन समारोह में शामिल होने के बाद उन्होंने कहा कि आने वाले समय में साढ़े चार सौ रुपये में रसोई गैस सिलिंडर देने का वादा भी पूरा किया जायेगा। श्री किशोर ने दोहराया कि राज्य सरकार सभी वर्गों के हित का ध्यान रख रही है। उन्होंने फिर कहा कि वित्तीय वर्ष 2025–26 का बजट झारखंड के सपनों को पूरा करने वाला होगा।

*******************

इस बीच जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि राज्य सरकार को प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के बजट में भी अर्थव्यवस्था में सुधार का प्रावधान किया जाना चाहिए। बिष्टुपुर में संवादाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार को केन्द्र के पास बकाये एक लाख छतीस हजार करोड़ रुपये का ब्यौरा जनता के बीच सार्वजनिक करना चाहिए।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने आज राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई करने के बाद यह आदेश दिया।

*******************

राज्य भर में गणतंत्र दिवस की तैयारी को अंतिम रुप दिया जा रहा है। उपराजधानी में समारोह को आकर्षक बनाने की दिशा में कई कदम उठाये जा रहे हैं। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*******************

रांची जिले के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालयों में 8वीं कक्षा की प्री बोर्ड परीक्षा आज से शुरू हो गई है। रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने प्री बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र को ऑनलाइन जारी कर परीक्षा की औपचारिक शुरुआत की। इसके साथ ही पूरे राज्य में रांची पहला ऐसा जिला बन गया है, जहां प्री बोर्ड की परीक्षा शुरू हुई है। तीन दिनों तक चलने वाली इस परीक्षा में कुल 22 हजार छात्र भाग ले रहे हैं।

*******************

गुमला जिले के बिशुनपुर थाना क्षेत्र के देवरागानी जंगल में पुलिस और आपराधिक गुट के बीच मुठभेड़ की खबर मिली है। इस दौरान पुलिस ने एके 47 समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। इसकी पुष्टि करते हुए गुमला एसपी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर देवरागानी जंगल में सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 26 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले एट होम रिसेप्शन के लिए जमशेदपुर की तीरंदाजी कोच द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित पद्मश्री तीरंदाज पूर्णिमा महतो को निमंत्रण पत्र भेजा है। गणतंत्र दिवस परेड के बाद यह कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन में होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरा मंत्रिमंडल और राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता शामिल होंगे। पद्मश्री पूर्णिमा महतो ने राष्ट्रपति से मिले निमंत्रण पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

********समाप्त********